समाचार

# निगम अधिकारी कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची जारी

## (नियत तिथि तक दावा आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है)

कोरबा 15 नवम्बर 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों की अक्टूबर 2019 की स्थिति में प्रथम वरिष्ठता पदक्रम सूची (अनंतिम) 14 नवम्बर को प्रकाशित की जा चुकी है, सूची को निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन सकेत भवन में चस्पा किया गया है, साथ ही निगम की वेबसाईट में भी सूची उपलब्ध है, जहां पर उसका अवलोकन किया जा सकता है। निगम द्वारा सूची प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के भीतर दावा आपत्तियां आमंत्रित की गई है, निर्धारित अवधि के पश्चात दावा आपत्तियां मान्य नहीं होगी।